FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट दिनांक 24-01-2025 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था डूडा के डाटा से छेड़छाड़ करने वाले मुकदमें में वांछित चल रहे अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैंकिंग व गिरफ्तारी वाँछित/वारण्टी के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था एसबीईएनजी प्रालि, लखनऊ के कर्मचारी श्री राघव ऋषि (पूर्व जिला समन्वयक) श्री उमंग राजपूत (एमआईएस), श्री कन्हैयालाल (कम्प्यूटर ऑपरेटर) तथा अन्य अज्ञात एसबीईएनजी प्रालि लखनऊ के कर्मचारियों द्वारा उक्त योजना के पात्र लाभार्थियों की सूची/डाटा से छेड़छाड़ करते हुये 16 लाभार्थियों के आधार नं बदले गये थे। जिससे दिनांक 10.01.2024 को पीएफएमएस पोर्टल एस पोर्टल के माध्यम से जो पीपीए जनरेट किया गया। वह मुख्यालय से दिनांक 17.01.2024 को सफल हुआ, जिसमें ज्ञात हुआ कि कुल 16 लाभार्थियों का आधार भिन्न होने के कारण गलत व्यक्तियों के बैंक खाते में धनराशि अवमुक्त हो गयी थी। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) माननीय प्रधानमंत्री जी की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें उक्त संस्था के कर्मचारियों द्वारा छेड़छाड़ करने के सम्बन्ध में थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0स0 127/24 धारा 409/120बी भादवि थाना उत्तर फिरोजाबाद में वांछित के अभियुक्त उमंग राजपूत पुत्र बालकिशन राजपूत निवासी ठारपूठा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद को दिनांक 23.01.2025 ठारपूठा नाले के पास थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त उमंग राजपूत उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त

उमंग राजपूत पुत्र बालकिशन राजपूत निवासी ठारपूठा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त

1. मु0अ0स0 127/24 धारा 409/120बी भादवि थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश कुमार पाण्डेय थाना उत्तर थाना फिरोजाबाद।

2.उ0नि0 आनन्द कुमार चौकी प्रभारी गांधी पार्क थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

3.का0 788 कुलदीप कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।